प्रश्न 6.
गंगा-ब्रह्मपुत्र बेसिन में पाई जाने वाली वनस्पति विविधता का उल्लेख कीजिए।
उत्तर:
गंगा-ब्रह्मपुत्र बेसिन की वनस्पति विविधता

- गंगा-ब्रह्मपुत्र के मैदानों में सागवान, साखू एवं पीपल के साथ उष्णकटिबंधीय पर्णपाती पेड़ पाए जाते हैं।
- ब्रह्मपुत्र के मैदानी क्षेत्रों में घने बाँस के झुरमुट पाये जाते हैं।
- डेल्टा क्षेत्र मैंग्रोव वन से घिरा है।
- उत्तराखंड, सिक्किम एवं अरुणाचल प्रदेश की ठंडी जलवायु एवं तीव्र ढालवाले भागों में चीड, देवदार एवं फर जैसे शंकुधारी पेड़ पाए जाते हैं।

प्रश्न 7.
गंगा-ब्रह्मपुत्र बेसिन में पाये जाने वाले वन्य पशुओं का संक्षिप्त विवरण दीजिए।
उत्तर:
गंगा-ब्रह्मपुत्र बेसिन में विविध प्रकार के वन्यजीव पाए जाते हैं। यथा-

- इनमें हाथी, बाघ, हिरणं एवं बन्दर आदि सामान्य रूप से पाए जाने वाले जीव हैं।
- एक सींग वाला गैंडा ब्रह्मपुत्र के मैदानों में पाया जाता है।
- डेल्टा क्षेत्र में बंगाल टाइगर, मगर एवं घड़ियाल पाये जाते हैं।
- नदी के साफ जल, झील एवं बंगाल की खाड़ी में प्रचुर मात्रा में जलीय जीव पाए जाते हैं। रोहू, कतला एवं हिलसा मछलियों की सबसे लोकप्रिय प्रजातियाँ हैं।

प्रश्न 8.
गंगा-ब्रह्मपुत्र बेसिन में यातायात तंत्र पर टिप्पणी लिखिए।
उत्तर:
गंगा-ब्रह्मपत्र बेसिन में यातायात तंत्रगंगा-ब्रह्मपुत्र बेसिन में यातायात के चार मार्ग सुविकसित हैं। यथा-
(क) मैदानी इलाकों में लोग सड़क मार्ग और रेलमार्ग द्वारा एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाते हैं।
(ख) नदी के तटीय क्षेत्रों में जल मार्ग यातायात का प्रभावशाली माध्यम है। कोलकाता हगली नदी पर स्थित एक महत्त्वपूर्ण पत्तन है।
(ग) मैदानी क्षेत्र में कई बड़े हवाई पत्तन भी स्थित हैं।

प्रश्न 9.
"गंगा-ब्रह्मपुत्र बेसिन में पर्यटन भी एक महत्त्वपूर्ण क्रिया है।" इस कथन को समझाइए।
उत्तर:
पर्यटन गंगा-ब्रह्मपुत्र बेसिन की एक महत्त्वपूर्ण क्रिया है क्योंकि आगरा में यमुना किनारे स्थित ताजमहल, इलाहाबाद में गंगा व यमुना नदी का संगम, उत्तरप्रदेश एवं बिहार में बौद्ध स्तूप, लखनऊ का इमामबाड़ा, असम का काजीरंगा एवं मानस वन्य प्राणी अभयवन तथा अरुणाचल प्रदेश की विशिष्ट जनजातीय संस्कृति जैसे कई दर्शनीय स्थल हैं।

https://www.evidyarthi.in/